रविवार 09 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



शिवालयों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़ सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान : डीएम

3








कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार सुबह अचानक सोनीपत के गांव मदीना के खेतों में पहुंच गए। किसानों व मजदूरों के साथ मिलकर पहले ट्रैक्टर चला खेत तैयार किया और फिर खुद भी धान की रोपाई की। राहुल गांधी ने नाश्ता भी मजदूरों के साथ चारपाई पर बैठकर किया।राहुल गांधी करीब 2 घंटे तक खेतों में किसान-मजदूरों के बीच रहे।

## राजद ने पोस्टर से बोला हमला... भाजपा में आइये, सब दाग धुलाइये

**एजेंसी/पटना**

बिहार में लगातार पोस्टर के जरिए राजनीतिक हमला करने का सिलसिला जारी है। मोदी सरकार पर विपक्ष लगातार सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स की कारवाई को आरोप लगाते रहा है और यह कहते रहा है कि बीजेपी वाशिंग मशीन है, जिसमें दागदार नेता भी जाकर साफ हो जाते हैं। इस बात को लेकर विपक्ष मोदी सरकार पर हमला बोलता था, लेकिन अब आरजेडी प्रदेश कार्यालय के गेट पर एक पोस्टर के जरिए बीजेपी पर हमला बोला गया है। इस पोस्टर में बड़े अक्षरों में लिखा कि बीजेपी में आइए, सब दाग धुलाईए, मंत्री-मुख्यमंत्री तक बन जाइए।

**हर घोटालेबाज को मंत्री बनाने की गारंटी:** आरजेडी प्रदेश कार्यालय के गेट पर लगाए पोस्टर पर नीचे वाशिंग पाउडर के पैकेट की तस्वीर दिखाई गई है और साथ ही पाउडर के बगल में वाशिंग मशीन की भी तस्वीर दिखाई गई है। वाशिंग पाउडर के पैकेट के ऊपर सर्फ का नाम लिखा गया है। सर्फ का नाम 'मोदी वाशिंग पाउडर' बताया गया है, जिस पर लिखा है 'सब दाग चुटकियों में धुले, हर घोटालेबाज को मंत्री बनाने की गारंटी। वहीं, इस पोस्टर में खास बात है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की तस्वीर लगाई गई है।




### आरजेडी ने पोस्टर के जरिए बीजेपी पर साधा निशाना

बीते दिन बीजेपी में शामिल होने के बाद अजीत पवार को महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। पोस्टर में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव साथ ही आरजेडी के कई नेताओं का फोटो पोस्टर में लगाया गया है। वहीं, पोस्टर आरजेडी के प्रदेश महासचिव (व्यवसायिक प्रकोष्ठ) प्रेम कुमार यादव ने लगवाया है। बता दें कि एनसीपी से बगावत कर अजित पवार ने दो जुलाई को महाराष्ट्र सरकार से हाथ मिला लिया था और राज्य के उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।

### खबरें फटाफट

#### गया की वार्ड पार्षद 25 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार

**गया।** नगर निगम के वार्ड संख्या तीन की वार्ड पार्षद सह गया जिला कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष लाछो देवी को 25 पुड़िया स्मैक के साथ पटना नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और गया पुलिस की संयुक्त छापेमारी में शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार किया गया है। वार्ड पार्षद लाछो देवी के साथ उसके भाई कृष्णा प्रसाद की भी गिरफ्तारी हुई है। डेल्हा थाना क्षेत्र के मंदराज बिगहा स्थित आवास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं, इनके निशानदेही पर जिले के कई स्थानों पर भी छापेमारी की गई है। इस दौरान उसके घर से 25 पुड़िया स्मैक और विदेशी शराब की भी बरामदगी हुई है। बता दें कि इसके पूर्व में भी लाछो हेरोइन बिक्री के आरोप में गिरफ्तार हो चुकी है और जेल में रही है। जानकारी के अनुसार जेल से रिहा होने के बाद भी स्मैक का धंधा कर रही थी। बताया जा रहा है पिछले कई वर्षों से स्मैक के अवैध धंधे से करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है और वह खुदरा स्मैक के साथ-साथ कई स्थानों पर स्मैक की सप्लाई करती थी। वहीं, पटना नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम पूछताछ के लिए लाछो देवी को अपने साथ ले गई है। इस कार्रवाई से जिले में नशीली पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है।

### पंचायत चुनावः भारी सुरक्षाबलों की तैनाती के बावजूद हुई वारदात

## बंगाल में हिंसा के बीच पड़े वोट झड़प में एक दर्जन लोगों की मौत

- राज्य भर में जगह-जगह हुई हिंसा, आगजनी, पथराव की घटना
- मरने वालों में पांच टीएमसी, एक-एक भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में शनिवार को भारी हिंसा के बीच पंचायत चुनाव के लिए वोट डाले गए। पूरे राज्य भर से जगह-जगह हिंसा, आगजनी, पथराव की घटना सामने आयी है। राज्य में शनिवार सुबह सात बजे पंचायत चुनाव शुरू होने के बाद से दोपहर तक नौ लोगों की मौत हो चुकी थी और मध्यरात्रि से चुनाव संबंधी कथित हिंसा में तीन अन्य लोगों की मौत की सूचना है। मरने वालों में पांच टीएमसी और एक-एक भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हैं। उनके अलावा हिंसा में निर्दलीय पार्टी के समर्थकों की भी मौत हुई है। वहीं, कूचबिहार में एक पोलिंग बूथ में तोड़फोड़ और बैलेट पेपरों को आग लगाने की घटना भी सामने आई। मुर्शिदाबाद के सदानंदपुर इलाके में आज पंचायत चुनाव के दौरान हुए राजनीतिक हिंसा के दौरान हुई बमबारी में एक सीआईएसएफ का जवान घायल हो गया।

राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक, 22 जिलों की 63,229 ग्राम पंचायत सीटों, पंचायत समिति की 9,730 सीटों और जिला परिषद की 928 सीटों पर चुनाव प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर लगी है। चुनाव के नतीजे 11 जुलाई को आएंगे। पंचायत चुनाव में शाम 5 बजे तक 66 प्रतिशत मतदान हुआ है। पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने भी मतदान केंद्रों का दौरा किया और मतदाताओं एवं उम्मीदवारों से बातचीत की।

केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने बंगाल में हिंसा को लेकर दुख जताया है। उन्होंने कहा, बंगाल में हिंसा के कारण एक दर्जन से भी ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। ममता बनर्जी चुनावों में बैलेट बॉक्स को लेकर आ गई हैं, जबकि देश भर में सभी जगह ईवीएम से चुनाव हो रहा है क्या आप भारत को पीछे धकेलना चाहती हैं। जनता बहुत जल्द ममता बनर्जी की विदाई करने जा रही है। ममता बनर्जी ने देशभर में बंगाल को बदनाम करने का काम किया है। चुनावों में हुई हिंसा में कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के भी कार्यकर्ता मारे गए हैं लेकिन उनमें से कोई भी कुछ भी नहीं बोल रहा है। ममता जी आप इस हिंसा के तांडव को कब रोकेंगी? बीजेपी इस हिंसा की निंदा करती हैं।

पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा, सत्तारूढ़ दल टीएमसी पुलिस प्रशासन और चुनाव आयोग ने बंगाल में आतंक का राज कायम कर दिया है। उनका दावा है कि मरने वालों की संख्या 26 हो गई है।

पंचायत चुनाव में हिंसक वारदातों के बावजूद 66 प्रतिशत मतदान



## सीएम योगी ने 227 आरक्षियों को दिया नियुक्ति पत्र

**एजेंसी/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लोकभवन सभागार में 227 पुलिस आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्र केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र भी मौजूद रहे। इन सभी अभ्यर्थियों का चयन पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कुशल खिलाड़ी कोटे से किया गया है।

इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि खेलो इंडिया खेलो से नई क्रांति आई है। कुशल खिलाड़ी यूपी पुलिस में शामिल हो रहे हैं। सीएम ने पारदर्शी व सही ठंग से अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में अभ्यर्थियों का चयन बिना किसी भेदभाव के होना चाहिए। कहा कि अनुशासन के बिना कोई भी सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। एक खिलाड़ी में अनुशासन के साथ टीम भावना होती। यूपी पुलिस का हिस्सा बने खिलाड़ी ऐसा माहौल पैदा करें कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का नया मंच तैयार हो। नसीहत भी दी कि यह न सोचें कि अब नौकरी मिल गई, काम पूरा हो गया। आलसी न हो जाएं। देश में अग्रणी स्थान प्राप्त करने की भावना से कदम बढ़ाएं।




### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 18 से राजगीर में शुरू होनेवाले मलमास मेला की तैयारियों का लिया जायजा

## मेला में लोगों को कोई असुविधा न हो, इसका ख्याल रखें: सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को 18 जुलाई से राजगीर में शुरू होनेवाले मलमास (पुरुषोत्तम मास ) मेला-की तैयारियों का जायजा लिया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने वैतरणी धाम घाट, यात्रियों के लिए बने आश्रय स्थल, ब्रह्म कुंड आदि का जायजा लिया और मलमास मेला शुरू होने से पहले पूरी तैयारी सुनिश्चित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने ब्रह्मकुंड के पास गंगाजल आपूर्ति योजना के तहत उपलब्ध कराये गये पेय गंगा जल का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही मलमास मेले की आधिकारिक वेबसाइट www.malmasmela.inका लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने मलमास मेले की स्वच्छता को लेकर सफाईकर्मियों को कार्य की शुरूआत करने के लिये हरी झंडी दिखायी।




मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वैतरणी धाम घाट पर श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंचते हैं, ये बहुत महत्वपूर्ण स्थल है। यहां स्वच्छ जल के साथ-साथ घाट की साफ-सफाई का प्रबंध बेहतर रखें और लगातार साफ-सफाई होता रहे इसे सुनिश्चित करायें। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस बार की स्थिति भिन्न है क्योंकि इस बार बरसात के मौसम में मेला का आयोजन होने वाला है। इसे ध्यान में रखते हुए हर प्रकार से पुख्ता इंतजाम रखें ताकि श्रद्धालुओं को सहूलियत मिल सके। लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध रखें ताकि कोई चाहकर भी गड़बड़ी न कर सके।

# जिले में 7 अगस्त से शुरू होगा सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 कार्यक्रम

**केटी न्यूज/भभुआ**

- सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र जारी कर दिए निर्देश
- तीन चरणों में चलेगा अभियान

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 दिसंबर 2014 को मिशन इंद्रधनुष की शुरूआत की थी। जिसमें 5 वर्ष तक के बच्चे तथा गर्भवती महिलाओं को चिह्नित कर टीकाकृत किया जाता है। इस वर्ष भारत सरकार के द्वारा आईएमआई 5.0 के तीन राउंड की योजना बनाई गई है। जिसमें प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तथा तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस बाबत सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र जारी कर जिला पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को निर्देश जारी किया है। जारी पत्र में बताया गया है कि सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 5 आयुवर्ग छुटे बच्चों एवं गर्भवती महिलायें जो टीडी की खुराक से वांछित हैं, उनका शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है।




**यू-विन पोर्टल पर लाभुकों को किया जायेगा पंजीकृत:** जारी पत्र में बताया गया है कि सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के तीन चक्रों में टीकाकरण से वांछित सभी लाभार्थियों को यू-विन पोर्टल पर पंजीकृत कर टीकाकृत किया जायेगा। इसके लिए हेड काउंट सर्वे को नियमित सर्वे पंजी से शत प्रतिशत अद्यतन किया जाये। जारी पत्र में निर्देशित है कि यू-विन पोर्टल का विस्तारीकरण, कम अथवा नगण्य आच्छादन करने वाले सत्रों का चयन आदि से संबंधित कार्यों को जुलाई माह तक पूरा कर लिया जाए।

**बीमारियों से सुरक्षा के लिहाज से टीकाकरण जरूरी :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि गर्भवती महिलाएं व 5 वर्ष तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिये नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी है। मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत जिला के सभी प्रखंडों के चयनित स्थलों पर गर्भवती महिलाएं व बच्चों के टीकाकरण का इंतजाम सुनिश्चित कराया जायेगा। यहां 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी मिजल्स, विटामीन-ए, डीपीटी बूस्टर डोज व बूस्टर ओपीवी के टीके लगाये जायेंगे। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को अभियान के क्रम में टेटनेस- डिप्थेरिया के टीके लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत टीकाकरण से वंचित दो वर्ष तक के सभी बच्चों व सभी गर्भवती महिलाओं तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित कराना मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

## एक नजर

### डीएम ने की अपीलीय वादों की सुनवाई

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय वादों की सुनवाई की गयी। जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अपील से संबंधित कुल 09 मामले जिलाधिकारी के समक्ष आएं, जिनमें कुल 04 मामले पर आदेश पारित किया गया। जिसमें 02 मामला बीडीओ रतनी फरीदपुर का है एक वार्ड सचिव के चयन में अनियमितता एवं एक मामला परिवारिक लाभ और कबीर अंत्येष्टि का लाभ नहीं मिलने से संबंधित तथा 02 मामला कार्यपालक अभियंता, विद्युत का है जिसमें एक विद्युत चोरी एवं विद्युत विपत्र में सुधार से संबंधित है। जबकि 01 मामला अंचल अधिकारी, जहानाबाद सदर का है, जो सरकारी तालाब अतिक्रमण से संबंधित है। 01 मामला अंचल अधिकारी, काको का अतिक्रमण से संबंधित है, 01 मामला अंचल अधिकारी, रतनी फरीदपुर का रास्ता अतिक्रमण से संबंधित है, 01 मामला अंचल अधिकारी, मखदुमपुर का भूमि मापी से संबंधित तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोषी का 01 मामला वार्ड वार्ड सचिव के चयन में अनियमितता से संबंधित है। जिलाधिकारी ने सभी मामलों पर गहरा समीक्षोपरांत संबंधित लोक प्राधिकार को स्थल पर जाकर भौतिक निरीक्षण करने का निदेश दिया तथा अगली निर्धारित तिथि को विस्तृत जांच प्रतिवेदन के साथ निश्चित रूप से उपस्थित होंने का निदेश दिया गया। आज के लोक शिकायत की सुनवाई में सभी लोक प्राधिकार एवं परिवादी उपस्थित थे।



### रेंट नहीं देने वाले दुकानदारों पर हो कार्रवाई

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने जिला परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने योजनाओं पर हुएं व्यय की समीक्षा की। निरीक्षण में 05 वित्तीय राज आयोग, 06 वित्तीय राज्य आयोग तथा 15 वित्तीय राज्य आयोग के तहत किये गये कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया कि जिला परिषद द्वारा उपलब्ध भूमि जो अतिक्रमण मुक्त कराया गया है उसका पुनः जांच करलेगे कि वह भूमि अतिक्रमण मुक्त है अथवा नहीं। साथ ही जो भी जिला परिषद का जमीन है उसका घेराबंदी कराने का निदेश दिया गया। टाइटल सेट चल रहा है उसका सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही सरस्वती अधिवक्ता से इसका जल्द से जल्द निष्पादन कराने का निदेश दिया गया। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला परिषद के दूकानों का समीक्षा किया गया तथा निदेश दिया गया कि दूकानों की अद्यतन सूची तैयार करें तथा कहां -कहां से दूकानों का रेंट आ रहा है और किसका अबतक रेंट बाकी है और कौन कौन दे रहे हैं उसका सूची अद्यतन करें। रेंट नहीं देने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करें। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने सैयारात की बंदोबस्ती की समीक्षा की तथा सैयारात की स्थिति क्या है, उसका प्रतिवेदन की मांग की।

### फायरिंग मामले में दोनों पक्ष ने दर्ज कराया केस

**आरा।** शहर के जेल रोड स्थित अपूर्वा टावर के पास शुक्रवार की सुबह जमीन विवाद में फायरिंग के मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। दोनों पक्षों द्वारा द्वारा दूसरे पर जान मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। रेलकर्मी निधि सिंह उर्फ पांडेय उर्फ की ओर दर्ज प्राथमिकी में अपूर्वा टावर के मालिक दामोदर पांडेय और उनकी पत्नी को नामजद किया गया है। दस अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में दामोदर पांडेय पर बाल पकड़ कर मारपीट करने, गलत नीयत से साड़ी खींचने, जान मारने के उद्देश्य से फायरिंग करने, जमीन नहीं देने पर गैंगरेप और दो बेटियां सहित हत्या करने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। निधि सिंह उर्फ निधि पांडेय की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि शुक्रवार की सुबह वह अपने नजदीकी नवीन कुमार के साथ अपूर्वा टावर के पास अपनी जमीन की मापी कराने गयी थी। तभी उनके जेठ दामोदर टावर के मालिक दामोदर पांडेय दस अज्ञात लोगों के साथ पहुंच गए और बाल पकड़ कर मारपीट करने लगे। साड़ी खिंचते हुए रेप करने की धमकी देने लगे। बीच बचाव करने पर नवीन कुमार के साथ भी मारपीट की गयी। भागने के दौरान जेठानी के ललकराने पर दामोदर पांडेय द्वारा जान मारने की नीयत से उन पर फायरिंग की गयी। उसमें वह बाल बाल बच गयी। इधर, दामोदर पांडेय द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उनकी सदर अस्पताल के सामने मार्केट और मकान है। उसके बगल में भी उनकी जमीन है। उनकी भावह निधि सिंह द्वारा उस जमीन पर दावा किया जा रहा है।

## जेल कर्मी से मारपीट, लूट, हत्या के प्रयास सहित कई मामलों में आरोपित है साधु गिरी

# पटना के युवक से लूट में वांछित कुख्यात साधु गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नगर थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही के समीप पटना के युवक से लूटपाट में वांछित कुख्यात साधु गिरी उर्फ विक्की गिरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साधु गिरी उर्फ विक्की गिरी नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज (विश्वकर्मा मंदिर के पास) राठौर नगर निवासी मुन्ना गिरी का पुत्र है। वह लूट, पुलिस पर हमला, हत्या के प्रयास, जेल कर्मी से मारपीट और शराब सहित आधा दर्जन मामलों में आरोपित रहा है। वह पूर्व में भी जेल जा चुका है। अक्टूबर 2020 में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद वह पकड़ा गया था। साधु उर्फ विक्की गिरी कोर्ट कैंपस से फरार कुख्यात आशीष पासवान शागिर्द और नजदीकी बताया जा रहा है।



- अक्टूबर 2020 में पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया था कुख्यात साधु उर्फ विक्की गिरी

एएसपी चंद्रप्रकाश ने शनिवार को बताया कि पिछले साल 22 नवंबर को पटना के मनेर थाना क्षेत्र के दोस्त नगर शेरपुर निवासी तरुण कुमार से नगर थाने के बड़की सिंगही के पास हथियार के बल पर दो अपराधियों ने 35 हजार रुपए लूट लिया था। जिसमें साधु गिरी उर्फ विक्की गिरी सहित दो अपराधियों का नाम आया था। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और लूटे गए पैसों की बरामदगी को एसपी प्रमोद कुमार ने उनके नेतृत्व में टीम गठित की थी। टीम ने तकनीकी सूत्र के जरिए लूट में शामिल अपराधियों की पहचान करते हुए साधु गिरी उर्फ विक्की गिरी को गिरफ्तार किया गया। टीम में नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सहित नगर थाने और डीआईयू के अधिकारी शामिल थे। साधु गिरी उर्फ विक्की गिरी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। बता दें कि पटना के मनेर थाने के दोस्त नगर निवासी तरुण कुमार 22 नवंबर 2022 को अपने मित्र बबलू के साथ 40 हजार रुपए देने अपने बाइक से रिश्तेदार के घर बक्सर जा रहा था। उस दौरान बड़की सिंगही के पास दोनों दोस्त बाइक खड़ी कर लघुशंका कर रहे थे। तभी अपाची बाइक सवार दो अपराधियों ने हथियार के बल पर लूटपाट की थी।

### दो सिपाहियों को किया था घायल

गौसगंज (राठौर नगर) विश्वकर्मा मंदिर के पास का रहने वाला साधु गिरी उर्फ विक्की गिरी कुख्यात अपराधी है। वह लूट और पुलिस पर हमला करने सहित आधा दर्जन मामलों में आरोपित रहा है। उसके खिलाफ नगर और बड़हरा थाने में प्राथमिकी दर्ज हैं। 2020 में मुठभेड़ के बाद द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया था। पकड़े जाने के बाद भी उसने देसी कट्टा के बट से हमला कर दो सिपाहियों को घायल कर दिया था। बताते चलें कि साधु गिरी उर्फ विक्की गिरी को पुलिस जून 2020 में लूट के मामले में तलाश रही थी। बड़हरा थाने के ही एक केस में वह वांछित था। 12 अक्टूबर 2020 की शाम पुलिस को सूचना मिली कि विक्की गिरी उर्फ साधु गिरी अपने घर के समीप पानी टंकी के पास खड़ा है। उस आधार पर तब नगर थाने के दारोगा रहे रितेश दूबे के नेतृत्व में पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही विक्की ने फायरिंग करने लगा। लगातार फायरिंग के बाद पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गयी। तब पुलिस की ओर से भी दो तीन राउंड फायरिंग की गयी थी। उसके बाद वह भागने लगा था?। ?तब पुलिस द्वारा खदेड़ कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। उसी दिन उसने दो सिपाहियों पर कट्टा के बट से हमला कर दिया था। उसमें दोनों सिपाही जख्मी हो गए थे। पुलिस के अनुसार साधु गिरी उर्फ विक्की गिरी पर 2021 में आशीष पासवान के पिता राम प्रवेश पासवान को इलाज के लिए मंडल कारा से अस्पताल ले जाने के दौरान जेल स्टाफ से मारपीट और पैसे छीनने में भी नाम आया था।

### वाटर स्पोर्ट्स में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी अनीता कुमारी



**जहानाबाद।** जिले के काको प्रखंड अंतर्गत भेलुविगहा की बेटी अनीता कुमारी ने जिले के साथ-साथ अपने राज्य का नाम रौशन करते हुए अब हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए ड्रैगन बोट (वाटर स्पोर्ट्स) खेल के लिए चयन की गई है। अनीता कुमारी ने बताया कि एसएन सिन्हा कॉलेज से स्नातक उत्तीण कर ड्रैगन बोट खेल में लगी रही और उसका प्रतिभा काम आये। अनीता कुमारी बिहार राज्य की प्रतिनिधित्व करते हुए नेशनल लेवल को पार कर इंटरनेशनल लेवल के लिए चयन की गई। अनीता कुमारी ने बताया कि हमारा सपना है कि अपने राज्य के साथ-साथ अपने देश का नाम रौशन करें। अनीता कुमारी द्वारा ड्रैगन बोट (वाटर स्पोर्ट) खेल का प्रशिक्षण नेशनल स्तर आयोजित प्रशिक्षण में मोतिहारी में प्राप्त किया। सुश्री कुमारी द्वारा बताया गया कि ड्रैगन बोट (वाटर स्पोर्ट) खेल का इंटरनेशनल प्रशिक्षण कोलकता में दिया जाएगा। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत इंटरनेशनल लेवल आयोजित प्रतियोगिता थाईलैंड में ड्रैगन बोट (वाटर स्पोर्ट) खेल में शामिल किया जाएगा। जिसमें उनके द्वारा भाग लेने की इच्छा व्यक्त करते हुए अच्छा प्रदर्शन करने का संकल्प लिया गया।

### प्राइवेट क्लीनिक में इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने काटा बवाल

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के मखदुमपुर शहर में संचालित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में प्रसव के तीन दिन बाद इलाज के दौरान महिला मरीज की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजन आक्रोशित हो गए और चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगेप्राइवेट। वहीं महिला की मौत के बाद प्राइवेट क्लिनिक के संचालक, डॉक्टर एवं कर्मी फरार हो गए। घटना कंसारा मोड़ के समीप संचालित राज नर्सिंग होम की है। मृतक नवादा गांव निवासी दिनेश कुमार की पत्नी मनोरमा कुमारी बताई जाती है। परिजनों ने बताया कि तीन दिन पहले मनोरमा कुमारी को प्रसव पीड़ा हुई थी, तो परिजनों ने उसे प्रसव कराने के लिए मखदुमपुर बाजार स्थित राज नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। महिला का प्रसव सुरक्षित ढंग से कराया गया। नवजात शिशु एवं महिला दोनों स्वस्थ थे। लेकिन शुक्रवार की देर शाम अचानक महिला की तबीयत बिगड़ गई। जिस पर चिकित्सक ब्लड की कमी बताकर पैसा के मांग करने लगे। परिजन महिला की जान बचाने के लिए संचालक की मांग मान ला। उन्होंने पैसा जमा कर दिए, पैसा जमा करने के बाद महिला को ब्लड चढ़ाया गया। जिजके कुछ ही देर बाद ही महिला की स्थिति बिगड़ने लगी। जिसे देख डॉक्टरों ने रेफर करने की बात कहने लगे। इसी दौरान महिला की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे, हंगामा के सूचना पर पहुंची मखदुमपुर थाने की पुलिस मामले को शांत कराया एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेजा है। थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि महिला के परिजन के बयान पर निजी क्लिनिक के संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# दिल्ली जाने के लिए घर से निकले इंजीनियर की पीट-पीटकर हत्या

**केटी न्यूज/आरा**

शुक्रवार की देरशाम एक प्राइवेट इंजीनियर की पीट पीट कर हत्या कर दी गई। नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति स्थिति निर्मित कोल्ड स्टोर के समीप से उसका शव बरामद किया गया। हत्यारों ने उसका का चेहरा बुरी तरह कुचला दिया था। उसके पूरे शरीर पर खरोंच के निशान मिले। मृतक तरारी थाना क्षेत्र के मिश्रकर्मा गांव निवासी हरिशंकर दयाल मिश्रा का बेटा विकास मिश्रा बताया जा रहा है। जो दिल्ली से आईआईटी करने के बाद वहीं पर किसी प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। परिजनों ने गांव के ही दो लोगों पर मारपीट का केस उठाने को लेकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर नवादा थाने की एसआई खुशबू कुमारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची व छानबीन शुरू की। पीड़ितों ने कुल नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।



मृतक के पिता हरिशंकर दयाल मिश्रा ने बताया कि विकास दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियर की पढ़ाई करने के बाद प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर के पद पर काम कर रहा था। चार महिने पहले वो दिल्ली से वापस आया था। सोमवार को उसने अपने सभी डाक्यूमेंट्स लेकर घर से आरा के लिए निकला था। कहा था कि बिहार पुलिस का कोई फॉर्म आया है। उसे अप्लाई करने के बाद वह दिल्ली चला जाएगा। मंगलवार को अपने परिजन से मोबाइल से बात की थी। बुधवार को उसकी कोई कॉल नहीं आयी थी। गुरुवार को उसने फोन किया कि मैंने फॉर्म अप्लाई कर दिया है और टिकट भी बन गया है। अब वह आरा से ही दिल्ली निकल जाएगा। इसी बीच शुक्रवार की शाम सूचना मिली कि बाजार समिति स्थित अर्धनिर्मित कोल्ड स्टोर में उसका शव बरामद पड़ा है।

**जमीन विवाद को लेकर आठ माह पूर्व हुई थी मारपीट :** हरिशंकर दयाल मिश्रा ने बताया कि गांव के ही दो लोगों से खेत को लेकर विवाद चल रहा था। उसको लेकर आठ माह पूर्व मारपीट भी हुई थी। उसमें उसका हाथ टूट गया था। उस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उस केस को उठाने के लिए उन लोगों द्वारा दबाव बनाया जा रहा था। उसी विवाद के कारण उन्होंने गांव के ही बाघा मिश्रा और लाला मिश्रा ने आरा के लोगों के साथ उनके पुत्र की पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी और शव को फेंक दिया गया है।

## माहवारी के समय साफ-सफाई का रखें विशेष ख्याल, समुचित पोषण से मिलेगी रक्तअल्पता से सुरक्षा

# स्वच्छता की हो पूरी तैयारी, माहवारी बन जाएगी बड़ी बीमारी

**केटी न्यूज/भभुआ**

बरसात के समय कई तरह के संक्रमण का खतरा बना रहता है। मौसम में अत्यधिक नमी के कारण त्वचा संबंधी रोग एक आम समस्या होती है। ऐसे में किशोरियों और महिलाओं को अधिक सतर्क रहने की जरुरत है। इस मौसम में माहवारी के दौरान स्वच्छता को नजरंदाज करना कई परेशानियों का सबब बन सकता है। नमी के कारण जननांगों में भी अधिक पसीना आता है और ऐसे में माहवारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना अहम् हो जाता है। वैसे माहवारी स्वच्छता का पालन करना हमेशा हितकर है लेकिन बरसात के मौसम में इसकी महत्ता और बढ़ जाती है।



चिकित्सकों के अनुसार महिलाओं के जीवन में मासिक धर्म का होना स्वास्थ्य से जुड़ी सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है जो किशोरावस्था से शुरू होती है। इस दौरान शरीर की स्वच्छता और जननांग की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है। साफ सफाई के अभाव में कई प्रकार के संक्रमण और बीमारियों जैसे सरवाइकल कैंसर, हेपटाइटिस-बी संक्रमण, यूरिनरी ट्रेक्ट इन्फैकशन आदि का खतरा बना रहता है एवं संक्रमण से बच्चेदानी के नली और अंदरूनी भाग छतिग्रस्त हो सकता है जिससे किशोरियों के लिए भविष्य में मां बनने का सौभाग्य भी छीन सकता है।

**समुचित पोषण से माहवारी के समय होगा रक्तअल्पता से बचाव:** किशोरियों में मासिक धर्म शुरू होने से उनके शरीर में जो खून की कमी होती है, उसे पूरा करने के लिए उचित खान-पान बेहद जरूरी है। भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल, भुने चने, दाल, गुड़ आदि शामिल करें। जिससे शरीर में आयरन की कमी को पूरा किया जा सके, पोषण की कमी से किशोरियों में , वजन और लंबाई की कमी, अनिमिया , कमजोरी ,चिड़चिड़ापन और दूसरी बीमारियां हो सकती हैं जो उनको भविष्य के सुखद मातृत्व को बाधित कर सकती हैं और शिशु तथा मातृ मृत्यु दर को बढाती हैं।

### इन सावधानियों को अपनाकर मिल सकती है संक्रमण से सुरक्षा

- कपड़ों से बने पैड को भी हर 4 से 6 घंटे में बदलना है जरूरी
- साफ व नरम सूती कपड़े से घर में बने पैड का करें इस्तेमाल
- पैड के इस्तेमाल से पूर्व और बाद में हाथों की अच्छी तरह साबुन और पानी से सफाई
- एक बार इस्तेमाल के बाद कपड़े को अच्छी तरह अलकोहलयुक्त साबुन और पानी से धो कर धूप में सुखा कर जीवाणुमुक्त करना है जरूरी
- पैड बदलते समय और नहाते समय जननांगों की अच्छी तरह साफ-सफाई है जरूरी
- जननांगों की सफाई केमिकल युक्त साधनो से ना करके, सामान्य साबुन और पानी से स्वच्छ करना है जरूरी



# 31 वर्षों तक कोर्ट में चला जमीन का विवाद, जनता दरबार में हुई सुलह

- 7.5 डिसमिल जमीन के लिए कई बार आई थी खून खराबे की नौबत
- कोर्ट में पैरवी के दौरान जमीन की कीमत से अधिक पैसा लगा चुके थे दोनों पक्ष

**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**



जमीन विवाद के मामलों के निपटारे के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक शनिवार थानों में जनता दरबार का आयोजन करवाया जा रहा हैं। अक्सर इस जनता दरबार में छोटे मोटे विवादों की सुनवाई कर सिर्फ खानापूर्ति किए जाने का अरोप लगते रहा है। तो कई बार कुछ ऐतिहासिक फैसले भी देखने को मिलते है। जब दशकों से चले आ रहे विवाद को जनता दरबार में दोनों पक्षों की सहमति से निपटा दिया जाता है। शनिवार को मुरार थाना क्षेत्र में एक ऐसे ही ऐतिहासिक मामलें को आपसी समझौते से सुलझा नजीर पेश किया गया। मामला थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव से जुड़ा हैं। जहां के दो पक्ष महज 7.5 डिसमील जमीन को लेकर 31 वर्षों तक कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाते रहे। इस दौरान जमीन की कीमत से अधिक रूपए कोर्ट के पैरवी में खर्च हो चुके है। अंत में दोनों पक्षों ने शनिवार को थानें में आयोजित जनता दरबार में आपसी सहमति से इस विवाद का पटाक्षेप किया। इस मामले को सुलझाने में मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही।

## 1992 से चल रहा था दीवानी मुकदमा

जानकारी के अनुसार वीरपुर गांव के सुदामा सिंह, नर्वदेश्वर सिंह व जलेश्वर सिंह तीनों सगे भाई थे। इनमें से नर्वदेश्वर व जलेश्वर ने अपने पैतृक जमीन से 7.5 डिसमील जमीन गांव के ही रघुवर राम को बेंच दिया था। लेकिन उनके तीसरे भाई सुदामा सिंह इसका विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि चूंकि जमीन पैतृक हैं इसलिए इसमें मेरा भी हिस्सा है तथा जमीन बिक्री के जो पैसे मिले है उसमें मेरा हिस्सा नहीं मिला है। इसी को आधार बना वे 1992 में ही बक्सर सिविल कोर्ट में परिवाद दायर किए थे। यह मुकदमा 31 वर्षों से चल रहा था। दोनों पक्ष न सिर्फ जमीन की कीमत से अधिक पैसा केस लड़ने में लगा चूके थे बल्कि कई बार आपस में भिंड़े भी थे। उनके बीच खून खराबें की नौबत भी आई थी। लेकिन में थककर इस विवाद को आपसी समझौते से निपटाने का फैसला किया।

## रघुबर राम के पक्ष में फैसला

चूकि रघुबर राम जमीन की कीमत अदा कर इसे कबाला कराए थे इसलिए जनता दरबार में फैसला उनके पक्ष में सुनाया गया। जिसे दोनों पक्षों ने खुशी-खुशी स्वीकार कर लिया तथा भविष्य में कभी इस मुद्दे पर नहीं लड़ने की बात भी कही। फैसला के बाद रघुबर राम की आंखे भर आई थी। वही दूसरे पक्ष को भी 31 वर्षों तक लंबी लड़ाई लड़ने के बाद आखिकार समझौते पर बाध्य होना पड़ा। इस फैसले की चर्चा पूरे दिन प्रखंड मुख्यायल सहित आस पास के क्षेत्रों में होते रही। लोग थानाध्यक्ष की सूझबूझ की तारीफ भी कर रहे थे।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्षः** दोनों पक्षों के बीच 1992 से ही करीब ढाई कट्ठा की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। तीन भाईयों में से दो ने अपनी पैतृक संपति बेच दी थी। जबकि तीसरा भाई विरोध कर रहा था। दोनों पक्षों को समझा बूझा आपसी समझौते से इस विवाद का निपटारा कराया गया। फैसला के बाद थाना परिसर से दोनों पक्ष राजी खुशी अपने घर गए।

**-रविकांत प्रसाद, थानाध्यक्ष, मुरार**

## एक नजर

### डुमरांव की पुरानी मस्जिद में कुरान की आयत पढ़कर रखी गयी आलीशान मस्जिद की बुनियाद



**डुमरांव।** स्थानीय शहर के चौक रोड स्थित जहुर साहब की मस्जिद (पुरानी मस्जिद) में कुरान की आयत पढ़कर मस्जिद की बुनियाद रखी गयी। इस दौरान बतौर अतिथि के रूप में आये फुलवारी शरीफ के हजरत जनाब बर्द अहमद साहब मुरजीवी ने कहा कि मस्जिद की तामीर में हिस्सा लेने वालों का घर अल्लाह जन्नत में कायम कर देता है। इस्लाम मे नमाज पढ़ने के लिए पवित्र स्थल मस्जिद है, जहां सामूहिक रूप से खुदा की इबादत किया जाता है। उन्होंने कोलकाता से आये मौलाना हजरत जकरिया साहब के संग बुनियाद रखी। इस दौरान डुमरांव के सभी मस्जिदों से नमाज अदायगी कर पहुंचे सभी नमाजियों ने बारी-बारी से मस्जिद की बुनियाद रखने को लेकर बालू-सीमेंट से बने सरिया को नींव में डाला और जर्जर हो चुके इस पवित्र स्थल को आलीशान बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग देने के लिए फरमाया। जनाब हजरत ने कहा कि मुस्लिम समुदाय को मस्जिद के तामीर में शामिल होना चाहिए। इससे ताकत मिलने के साथ ही खुदा के नेक रास्ते पर चलने में राह आसान होगी। इस दौरान बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना महफूलु रहमान, जनाब हाजी ताज साहब, जनाब हाजी लड्डूल साहब, इरशाद हुसैन, शफीक अहमद हाशमी, सलीम खान, जमाल साहब, कल्लू राइन, मो इफ्तखार अहमद, मो गफार मास्टर, कलीम साहब, नूर मोहम्मद रजा, गुलाम सरवर, अख्तर हुसैन सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### हैदराबाद में सड़क दुर्घटना में बक्सर और रोहतास के दो कामगारों की मौत

**बक्सर।** हैदराबाद में हुई सड़क दुर्घटना में बक्सर तथा रोहतास जिले के एक-एक कामगारों की मौत हो गई। हादसा बाइक के डिवाइडर में टकराने से हुआ है। दोनों मृतक आपस में जीजा और साले थे। जिसमें बक्सर निवासी कामगार तो 24 घंटे पहले ही हैदराबाद पहुंचा था। मृतकों में विशेश्वर यादव (52) राजपुर थाना क्षेत्र के कजरियां गांव का रहने वाला था। वहीं दूसरा मृतक गोपाल यादव कैमूर जिला के ग्राम सिसौढ़ा, थाना रामगढ़ के निवासी था। पिता की मौत की जानकारी जब उनके छोटे बेटा को हुई तो वह इस सदमे को बर्दास्त नहीं कर सका तथा बेहोश हो गया। जिसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार विशेश्वर छह जुलाई को ही हैदराबाद पहुंचे थे। अगले दिन रात में उन्हें सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी ज्वाइन करनी थी। शुक्रवार की शाम वे बाइक से अपने रिश्तेदार गोपाल के साथ अपने तय स्थान पर जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई।

### नल-जल योजना की जांच को लेकर पहुंची विभाग की तीन सदस्यीय टीम

**डुमरांव।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सात निश्चय योजनाओं में शामिल हर घर नल का जल योजना से लोगों को राहत मिली है। डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में संचालित इस योजना की जांच को नगर विकास व आवास विभाग के उप सचिव राहुल कुमार बर्मन के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम पहुंची और शहर में लगाये गये पानी टंकी, नलकूप के साथ दर्जनों घरों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों की टीम ने जलापूर्ति की खामियों को नजदीक से देखा और उसको लेकर कई तरह का दिशा-निर्देश दिया है। बताया जाता है कि इस योजना की क्रियान्वयन जल निगम के बुडको के जिम्मे दिया गया है। कई जगहों पर जलापूर्ति में आयी बाधा को लेकर इसकी शिकायत विभाग में दो वर्ष पूर्व ही भेजी गयी थी, जिस पर विभाग ने संज्ञान लेकर इसकी जांच करायी। जांच के दौरान नगर परिषद में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान जेई अंजनी कुमार के अलावे नप के कई कर्मी मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### छुट्टी के बाद स्कूल से निकली बच्ची नहीं पहुंची घर

**बक्सर।** इटाढ़ी थाना क्षेत्र के स्थानीय शिशु मंदिर में पढ़ने गई एक बच्ची गायब हो गई है। छुट्टी के घंटों बाद जब वह वापस नहीं आई तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। जबकि स्कूल प्रबंधन की माने तो शाम 3 बजे छुट्टी हुई थी तब वह अन्य छात्र छात्राओं के साथ स्कूल से घर के लिए चली गई थी। ऐसे में वह बीच रास्ते से कहां गायब हो गई है इसको लेकर परिजन परेशान हैं। परिजनों द्वारा इसकी सूचना इटाढ़ी पुलिस को दी गई है।

### 5 लाख के गहने के साथ दो चोर गिरफ्तार

**बक्सर।** मुफस्सिल थाने की पुलिस ने चोरी के लगभग पांच लाख रुपए मूल्य के आभूषण के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से थाना क्षेत्र के इस्माइलपुरे मोहल्ले में नर्तकी के घर चोरी हुए गहने भी मिले है। गिरफ्तार चोर के निशानदेही पर छापेमारी करते हुए पुलिस ने लगभग पांच लाख रुपए के आभूषण बरामद किया है। पुलिस दोनों चोरों से कड़ी से पूछताछ कर पूरे गैंग का उद्भेदन करने में जुटी हुई है।

## श्रावणी मेला पर विधि व्यवस्था के लिए डीएम-एसपी ने की प्रेस ब्रिफिंग

# शिवालयों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़ सुरक्षा का रखें विशेष ध्यानः जिलाधिकारी

- रविवार की शाम से ही प्रतिनियुक्ति स्थल पर दंडाधिकारियों को तैनात रहने का दिया गया निर्देश
- बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में 11 जगहों पर बनाया गया है ड्राप गेट, चार कंट्रोल रूम से होगी निगहबानी

**केटी न्यूज/बक्सर**



पवित्र सावन महीने की सोमवारी पर जिले भर के शिवालयों में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने तथा कांवरियां मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए शुक्रवार को डीएम-एसपी ने संयुक्त प्रेस ब्रिफिंग की। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने विभिन्न मंदिरों तथा चिन्हित स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को रविवार की शाम से ही मौजूद रहने का निर्देश दिया। कुल 30 जगहों पर दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। जगह जगह पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी, कोओर्डिनेटर को तैनात किया गया है। ताकी श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। विशेष फोकस ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिवमंदिर, बक्सर के गौरीनाथ शिव मंदिर, नाथ मंदिर, रामरेखा घाट, सिकरौल थाना क्षेत्र के सोखाधाम मंदिर पर दिया गया है। इसके अलावे बक्सर के रामरेखा घाट पर कांवरियों द्वारा स्नान तथा जल लेने के लिए लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावे बक्सर शहर के विभिन्न जगहों, एनएच 922 पर बक्सर से ब्रह्मपुर के बीच तथा ब्रह्मपुर में भी दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम रविवार की शाम से सोमवार को पूजा संपन्न होने तक तैनात रहेंगे। डीएम ने बताया कि उनक तैनाती सावन महीने के प्रत्येक रविवार व सोमवार के अलावे शिवरात्रि पर रहेगी।

**बक्सर व डुमरांव एसडीओ को दी गई है अनुमंडलों की कमानः** डीएम ने बताया है कि बक्सर अनुमंडल में बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र तथा डुमरांव अनुमंडल में डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण कर इसकी जांच करेंगे कि श्रावण माह में प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को निर्धारित समय पर सभी प्रतिनियुक्त को-ऑडिनेटर, दण्डाधिकरी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल अपने-अपने स्थान पर पहुंच चुकें है अथवा नहीं। इसकी समीक्षा/निरीक्षण करते हुए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगे तथा प्रतिदिन खैरियत प्रतिवेदन भेज इसकी जानकारी देंगे। वहीं बक्सर एसडीओ तथा एसडीपीओ को रामरेखा घाट पर जलभरी के दौरान भीड़ को नियंत्रण करने की जिम्मेवारी भी दी गई है। मफ्स्सिल थानाध्यक्ष चौसा के बीडीओ तथा सीओ को चौसा अवस्थित महादेवा घाट पर जलभरी के दौरान भीड़ को नियंत्रण करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने तथा गंगा पम्प कैनाल के पास ढलान के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने की जिम्मेवारी दी गई। सभी थानाध्यक्षों अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी घाटों पर चौकीदार की तैनाती करने का निर्देश दिया गया। जबकि बक्सर शहर में भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेवारी यातायात निरीक्षक को मिली है। वहीं बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर ब्रह्मपुर में होने वाले भीड़ को संभालने का जिम्मा स्थानीय थानाध्यक्ष को दिया गया। वहीं ब्रह्मपुर बीडीओ को चिन्हित स्थलों पर बैरिकेडिंग एवं ड्रॉप गेट लगवाने तथा चिन्हित नियंत्रण कक्ष हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था करवाने को कहा गया।

अग्निशमन पदाधिकारी बक्सर को निदेश दिया गया कि मॉडल थाना बक्सर, डुमराँव थाना एवं बाबा ब्रह्मेश्वर मंदिर ब्रह्मपुर के पास एक-एक अग्निशमन वाहन तैयार हालत में रखेंगे। इसके अलावे विद्युत कंपनी को जर्जर व लटकते झूलते तारों की मरम्मत कराने तथा बक्सर व डुमरांव के एसडीओ तथा एसडीपीओ को सोशल मीडिया पर साईबर सेनानी व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से लगातार नजर बनाये रखने एवं आवश्कतानुसार विधि सम्मत कार्रवाई करने को कहा गया।

## ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में दोयम दर्जे का निर्माण देख भड़के डीएम, संवेदक व जेई को फटकारा

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



डीएम अंशुल अग्रवाल ने शुक्रवार को बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता पर असंतोष जताया तथा जेई व संवेदक को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। वही श्रावणी मेला के अवसर पर बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में विधि व्यवस्था संधारण के बिंदु पर समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में पोखरे की साफ-सफाई, बैरेकेटिंग, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के मंदिर परिसर में कतार प्रबंधन के बिंदु पर डुमराव एसडीओ एवं एसडीपीओ के अलावे सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत ब्रह्मपुर को जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही मंदिर परिसर अवस्थित पोखरे को श्रद्धालुओं द्वारा गंदगी न फैलाएं के संबंध में सूचना पट्ट लगाने का निर्देश दिया गया। पोखरे के आस पास गोताखोर एवं नाविक की व्यवस्था रखने तथा खतरे के निशान को लेकर बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने मंदिर परिसर के सामने स्थित जिला परिषद एवं बिहार सरकार की जमीन पर दुकानदारों के लिए प्लेटफार्म, यात्री शेड, वाहन पार्किंग एवं डीलक्स शौचालय आदि के निर्माण के लिए कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर को नजरी नक्शा का अवलोकन कर प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहां कि यात्री शेड व वाहन पार्किंग बन जाने से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

## फोरलेन का एक हिस्सा बनेगा कांवरिया पथ, तैनात रहेंगे जवान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल पुलिस मुख्यालय ने इस बार सावन माह के सोमवारी को लेकर अपनी रणनीति तैयार की है। हर रविवार की रात से लेकर सोमवार की रात्रि तक पुलिस कांवरियों और शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर तैनात रहेगी। प्रशासन फोरलेन के एक हिस्सा को कांवरिया पथ बनायेगा, जिस पथ से गुजर कर कांवरियों की टोली बक्सर से ब्रम्हपुर धाम पहुंच कर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि कांवरियों और महिला-पुरुष शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। हर संवेदनशील और खतरनाक मोड़ो पर पुलिस बलों की तैनाती की जायेगी। साथ ही इसकी निगरानी भी की जायेगी। काम मे कोताही बरतने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। बताया जाता है कि लोक आस्था और धार्मिक श्रद्धा का मेला सावन के हर सोमवारी पर बाबा ब्रम्हमेश्वर नाथ की नगरी ब्रह्मपुर में लगता है। यह स्थल ब्रह्मपुर धाम के रूप में जाना जाता है।

रविवार की रात हजारों कांवरियों का जत्था बक्सर से मां गंगे का पवित्र जल लेकर फोरलेन की सड़क से गुजरते हुए बाबा के चौखट तक पहुंचते है और पवित्र मन से बाबा भोलेनाथ पर जल अर्पित कर अपने जीवन की सुखद के लिए कामना करते है। यह यात्रा बक्सर से 40 किलोमीटर दूरी तय कर पूरी की जाती है। इस यात्रा में सांप्रदायिक सौहार्द भी देखने को मिलता है।

## आईटीआई परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन परिसर में आयोजित हुआ था रोजगार मेला सह कैरियर

# 136 युवा रोजगार के लिए चयनित, 151 को मिला मार्गदर्शन

**केटी न्यूज/बक्सर**



शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के मार्गदर्शन व जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वावधान में रोजगार मेला सह कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया था। यह आयोजन आईटीआई परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन परिसर में आयोजित हुआ था। जहां काफी संख्या में जिले के विभिन्न गांवों से बेरोजगार युवा पहुंचे थे। मेले में 136 बेरोजगारों का ऑनस्पॉट चयन किया गया। वहीं 151 युवाओं को कैरियर के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। इसके पहले इस मेला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल, उप विकास आयुक्त बक्सर डॉ महेंद्र प्रसाद, जिला नियोजन पदाधिकारी अनिश तिवारी, बक्सर सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण ईकाई के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मेला में कुल 24 निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा स्टॉल लगाया गया था। इस मेले में 1 हजार रिक्तियों के लिए युवाओं का चयन किया जाना था। इसके अलावे व्यवसायिक मार्गदर्शन के लिए 04 स्टॉल लगाये थे। जिनमें जीविका, डीआरसीसी, आरसेटी का स्टॉल प्रमुख रहा। मेले में सूचना मिलने तक कुल 1143 युवक व युवतियां रोजगार को लेकर अपना रजिस्ट्रेशन कराए थे। मेले में कुल 881 बायोडाटा प्राप्त हुए। जिसमें स्थल पर 136 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त कुल 151 युवाओं को मार्गदर्शन दिया गया। उद्घाटन के दौरान जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने युवकों से अपील की कि यदि वे सरकारी नौकरी या बेहतर रोजगार के इच्छुक हों, फिर भी मेला में आयी हुई कम्पनियों के माध्यम से रोजगार प्रारम्भ कर अन्य विकल्पों को तलाशे।




# पिथौरागढ़ नरेश ने कराया था गौरीशंकर शिव मंदिर का जीर्णोद्धार

**बृजनंदन मिश्रा/मऊ**

जनपद के कोपागंज कस्बा स्थित प्राचीन गौरीशंकर शिव मंदिर लोगों के आस्था और विश्वास का केन्द्र बना हुआ है। गौरीशंकर शिव मंदिर मऊ जिला मुख्यालय से उत्तर करीब 10 किलोमीटर दूर मऊ -गोरखपुर राष्ट्रीय राज मार्ग पर कोपागंज कस्बा में स्थित है। कोपागंज स्थित प्राचीन गौरीशंकर मंदिर पर प्रतिदिन भक्तों का रेला लगता है। बताया जाता है कि लगभग 700 वर्ष पूर्व पिथौरागढ़ नरेश अपनी सेना के साथ गंगा लाभ के लिए काशी जा रहे थे। उस दौरान इस स्थान से गुजर रहे थे। जहां कुछ देर विश्राम करने के लिए इसी गौरीशंकर मंदिर के प्रांगण में रुके। उस समय यह मंदिर परिसर जंगलों और झाड़ से ढका हुआ था। राजा ने मन्दिर में दर्शन करने के लिए

## ❑ मंदिर के समीप पोखरी में नहाने से मिली थी राजा को कुष्ठ से मुक्ति

हाथ पैर धोने के लिए किसी कर्मचारी से पानी मांगा। कर्मचारी वन में पानी की तलाश करने लगा। तब उसने देखा कि वन में मन्दिर के पास ही एक पोखरी में पानी था। जहां से पानी लेकर राजा के पास आया। राजा को कुष्ट का रोग था और ज्योहीं राजा ने उस पानी से हाथ पैर धोये उनके शरीर का कुष्ट रोग ठीक हो गया। जिससे राजा के खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने वही पर रात्रि विश्राम किया।

राजा को सोते समय स्वप्न में मंदिर के अंदर शिवलिंग ढके होने की जानकारी हुई। सुबह होते ही राजा ने स्थानीय लोगों से मंदिर की साफ सफाई कराने के लिए सहयोग मांगा। लेकिन कोई आगे नहीं आया। तब राजा ने






अपने राज्य पिथौरागढ़ से धन मंगाकर इस मंदिर की साफ सफाई करायी और सफाई के दौरान गर्भगृह में नीचे दबे शिवलिंग का पता चला। राजा ने काशी से विद्वान पंडितों को बुलाकर शिवलिंग की विधि विधान से पूजा पाठ व अर्चना की। राजा ने मंदिर का जीर्णोद्धार भी कराया। राजा उस पोखरे का भी निर्माण कराया जिस पोखरे के पानी से उसका कुष्ठ रोग ठीक हुआ था। इस मन्दिर की भव्यता काफी बढ़ गई है।इस भव्य शिव मंदिर के प्रांगण में भगवान विष्णु, हनुमानजी और राम जानकी मंदिर का भी निर्माण कराया गया है ।

**श्रद्धालुओं की पूर्ण होती है मनोकामना** : मन्दिर में दर्शन पूजन के लिए हमेशा ही श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। मान्यता है कि यहां भगवान शिव की पूजा अर्चना से मनोकामना पूर्ण होती है। मन्दिर के मुख्य पुजारी पंडित चन्द्रमौलि ने बताया कि महाशिवरात्रि और सावन माह में भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर भारी संख्या में शिवभक्त श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करते है। यहां अन्य जनपदों से भी दूरदराज के श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते हैं। कोपागंज स्थित प्राचीन गौरीशंकर शिव मंदिर के पास स्थित पोखरे के जल से हाथ पैर धोने और बाबा गौरीशंकर शिव के आशीर्वाद से राजा पिथौरागढ़ का कुष्ट रोग ठीक हुआ था जिससे प्रसन्न होकर राजा ने मंदिर और पोखरे का जीर्णोद्धार कराया था।

## एक नजर

### सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बूढ़े महादेव मंदिर का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

**गाजीपुर।** सैदपुर तहसील अंतर्गत गंगा किनारे स्थित बूढ़े महादेव मंदिर का सावन के प्रथम सोमवार को देखते हुए डीएम आर्यका अखौरी व एसपी ओमवीर सिंह ने शनिवार को जायजा लिया। साथ ही गंगा के किनारे से लेकर मंदिर परिसर तक शिवभक्तों को कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखने और साफ-सफाई के लिए संबंधित को निर्देश दिया। बता दें कि सावन के प्रथम सोमवार के मद्देनजर शिव भक्त यानी



कावड़ियों का जत्था रविवार की शाम से ही सड़कों पर नजर आने लगता है और सावन के प्रथम सोमवार के दिन शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए रविवार की रात 12 बजे से ही शिवालयों में कावड़ियों का जत्था जलाभिषेक करने के लिए लाइन लगा लेते हैं। पवित्र माह सावन में जनपद के सभी शिवालयों में कावड़ियों का हुजूम जलाभिषेक करने के लिए रविवार की शाम से ही गंगा में स्नान कर गंगा जल लेकर रात 12 बजे से ही शिवालयों के कपाट तक पहुंच जाते है और शिवालयों का कपाट खुलते ही भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए तांता लगा रहता है। ऐसे में कावड़ियों की सुविधा और सुगमता के लिए जिला प्रशासन भी हर स्तर पर तैयार रहता है। ऐसे में कोई चूक न हो जाये इसके लिए खुद डीएम आर्यका अखौरी और एसपी ओमवीर सिंह भारी फोर्स व राजस्वकर्मियों के साथ शिवालयों तक लगातार चक्रमण कर रहे हैं। शिव भक्तों को कोई असुविधा न हो उसके लिए साफ सफाई के साथ रास्ते को बेहतर बनाने का संबंधित को निर्देश दिया।

### कामाख्या एक्सप्रेस से मिला वृद्ध का शव

**बलिया।** जीआरपी पुलिस को 190305 कामाख्या एक्सप्रेस से शनिवार को एक वृद्ध अचेता अवस्था मिला।जिसे आनन-फानन में पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गये, जहां अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जीआरपी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गाड़ी की सघन चेकिंग के दौरान एक अज्ञात वृद्ध 60वर्ष ट्रेन की एक बोगी में अचेता अवस्था में मिला। जिसे तत्काल पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव की शिनाख्त के लिए एएस आई श्याम जी यादव के प्रयास से मृतक वृद्ध के शव की शिनाख्त रमेश 60 पुत्र स्व सालिक राम निवासी ललुवापुर कुट्टी थाना रुदौली जनपद अयोध्या (फैजाबाद) के रुप में हुई है ।

### ठनका की चपेट में आने से किसान की मौत

**बलिया।** मनियर थानांतर्गत ग्रामपंचायत असना के सोनूपाह गांव में शुक्रवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आ कर 65 वर्षीय वृद्ध किसान की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मनियर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम सोनूपाह गांव निवासी छबीला यादव पुत्र सिपाही यादव नाद पर बंधी अपनी गाय को हटाने के लिए घर से जा रहे थे। छबीला जैसे ही नाद के समीप पहुंचे कि अचानक बारिश होने लगी जिससे बचने के लिए वह बगल में स्थित पीपल के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। कुछ देर बाद तेज गरज चमक के साथ अचानक पेड़ पर बिजली गिरी जिस की चपेट में आ कर बुरी तरह से झुलस जाने से तत्काल उन की मौत हो गई। छबीला के मौत की खबर जैसे परिवार वालों को मिली कोहराम मच गया।

### कवियों और लेखकों के साहित्यिक कार्यो को आगे बढ़ाने हेतु अरशद जमाल की अपील

**मऊ।** डॉ. मुहम्मद जाबिर जमान द्वारा लिखित सरदार शफीकः फिक्री स्याक व फन्नी जेहतें (अर्थात्-सरदार शफीक बौद्धिक संदर्भ और तकनीकी आयाम) नामक पुस्तक का विमोचन समारोह नगरपालिका परिषद मऊ के सभा कक्ष में एक सम्मान समारोह कर आयोजित किया गया। इस समारोह में वक्ताओं ने उक्त पुस्तक के आधार स्त्रोत एवं केन्द्र प्रचण्ड कवि एवं मदरसा दारूलहदीस के पूर्व अध्यापक स्वर्गीय सरदार शफीक के जीवन की उपलब्धियों एवं उन पर आधारित इस विमोचित पुस्तक के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. मुहम्मद आमिर के परिचयात्मक भाषण से हुई। सलमान अबरार ने डॉ. मुहम्मद जाबिर जमान की पुस्तक की परिचयात्मक रूपरेखा को परस्तुत किया।

## पूर्व पीएम चन्द्रशेखर को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद भाजपा पर बरसे सपा के राष्ट्रीय सचिव

# देश में हर कीमत राजशाही की वापसी चाह रही डबल इंजन की सरकार : रामगोविंद

**केटी न्यूज/बलिया**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि देश में चल रही डबल इंजन की सरकार का आजादी, लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था में विश्वास नहीं है। यह सरकार किसी कीमत पर देश में राजशाही की वापसी चाह रही है। इसके लिए यह सरकार नियोजित तरीके से देश को बापू की जगह गोडसे के पथ पर ले जाने की कोशिश में लगी हुई है। उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी सरकार के इस कुत्सित प्रयास के विरोध में कदम कदम पर संघर्ष करेगी और सरकार के इस प्रयास को किसी कीमत पर सफल नहीं होने देगी।

शनिवार को अपने आवास पर देश के प्रथम समाजवादी प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि यह आजादी, लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था हमें मुफ्त में नहीं मिली है। इसके लिए हमारे पुरखों ने भारी



## ■ रामगोविंद ने कहा- यह आजादी, लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था हमें मुफ्त में नहीं मिली है

कुबार्नी दी है। उन्होंने कहा है कि इसकी रक्षा हमारा, आपका, सभी का दायित्व है। इस दायित्व का निर्वहन ही पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

सपा के राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार से पहले के सरकार का लक्ष्य होता था, पीड़ित को न्याय देना। अब सरकार का लक्ष्य हो गया पीड़ा देने वाले को संरक्षण देना। उन्होंने कहा कि याद करिए, लखीमपुर में किसानों को जीप से कुचलकर मारा गया। इस किसान वध के मुजरिम का पिता सरकार में अब भी मंत्री बना हुआ है। यौन शोषण के मामले न्याय मांग रहीं देश की गौरव महिला पहलवानों को सड़क पर घसीटा गया और जिनके ऊपर आरोप है, वह चैनलों पर इंटरव्यू दे रहे हैं और सरकार तमाशा देख रही है। अराजकता में मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री उधर देखने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। हरियाणा में तय न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग करने वाले किसानों को सरकार की नीति के तहत पुलिस ने पीटा। उनके खिलाफ कोई करवाई नहीं हुई जो तय न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं दिये। सपा के राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि आम आदमी को छोड़िये, उत्तर प्रदेश में एक सांसद ने सरकारी बैठक में विधायक को जूते से पीटा। विधायक ने भी प्रतिवाद में हाथ चलाया। पूरा देश इस दृश्य को देख रहा है लेकिन यह सरकार नहीं देख पाई। यही नहीं, आप न्याय के लिए यहाँ प्रदर्शन करिए। पहले सरकार आपकी आवाज नहीं सुनेगी और सुनेगी तो आपको ही जेल में भेज देगी।

### सियासत की भीड़ में एक अलग चेहरा चंद्रशेखर जी जैसी शख्सियत का : रविशंकर

**बलिया।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जननायक चंद्रशेखर जी की 16 वी पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को शेखर फाउंडेशन और चंद्रशेखर विचार मंच के तत्वावधान में चंद्रशेखर उद्यान में राष्ट्रनायक चंद्रशेखर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सदस्य विधान परिषद् रविशंकर सिंह ने भावुक होते हुये कहा कि कुछ लोग बेहद खास होते हुये भी बेहद आम नजर आते हैं। भारतीय राजनीति में ऐसे ही शख्सियत थे चंद्रशेखर जी। बिना कंघी के बाल, हल्की दाढ़ी से घिरा चेहरा, भविष्य में झांकती आंखे, जिस्म पर धोती कुर्ता, पांव में चप्पल कुल मिला कर खालिस हिन्दुस्तानी अंदाज। उनकी यही खासियत उनका लोगों से सीधा और गहरा जुड़ाव बनाती रही। आडम्बर और दिखावे से कोसों दूर। देसी ठसक के साथ सीधी सपाट बातचीत। चाहे नाराजगी हो या खुशी हमेशा सामने से जाहिर की। मसला राजनीतिक हो या सामाजिक, दो बातों का हमेशा ख्याल रखा एक उसूल और दूसरा मानवीय संवेदना। रिश्तों को जीने में उनका कोई जवाब नहीं था। जिसका हाथ थामा कभी छोड़ा नहीं।

### सैदपुर कोतवाली में डीएम और एसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

**गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर द्वितीय शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली सैदपुर में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया।

थाना दिवस पर कोतवाली सैदपुर मे 12 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित रूप में दिया। जिसमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष आवेदन का निस्तारण के लिए संबन्धित अधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं के विरूद्ध एंटी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्रवाई करे और गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल तत्काल भेजा जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मो0 नंबर अपने पास रखें तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण न किए जाने पर संबन्धित लेखपाल एवं सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सैदपुर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर, थाना प्रभारी, लेखपाल एंव अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैफे शॉप में घुस हमलावरों ने दुकानदार को पीटा, दुकान को किया तहस-नहस

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया- वाराणसी मुख्य मार्ग पर चितबड़ागांव नरहीं मोड़ के पास स्थित एक कैफे शॉप के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में अगले दिन दर्जनों की संख्या में पहुंचकर हमलावरों ने कैफे शॉप के अंदर घुस कर दुकानदार को पीटा व दुकान को तहस-नहस कर दिया। दर्जनों की संख्या में लाठी- डंडे, हॉकी इत्यादि से लेस हमलावरों को देख कर कोई भी व्यक्ति या पीकेट पर उपस्थित पुलिस ने बीच-बचाव नहीं किया। घटना की सूचना पाकर पहुंचे दुकान मालिक संजय सिंह ने स्थानीय थाने में तहरीर देते हुए पांच नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। तत्पश्चात पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

कस्बे के वार्ड नंबर 15 गांधीनगर निवासी कैफे शॉप मालिक संजय सिंह पुत्र प्रसिद्ध नारायण सिंह ने लिखित तहरीर में बताया है कि मेरा एक कैफे शॉप की दुकान जो चितबड़ागांव नरहीं मोड़ पर चलता है, विगत 5 जुलाई बुधवार को दुकान के सामने से बाइक आगे पीछे करने की बात पर मात्र कहासुनी हुई थी। इसी बात को लेकर 7 जुलाई की शाम लाठी- डंडा, हॉकी इत्यादि से लैस होकर दर्जनों की संख्या में स्कॉर्पियो से आकर कुछ लोग मेरे दुकान में घुस गए और वहां पर उपस्थित मेरा भतीजा रितेश सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह जो उस समय उपस्थित था, उसको गाली गलौज देते हुए पीटने लगे और जब वह लहूलुहान होकर बेहोश होकर गिर गया तब उन्होंने दुकान को भी तहस-नहस कर दिया साथ ही काउंटर में रखे 30000 भी गायब कर दिया। हमलावरों में अक्षय लाल यादव पुत्र अज्ञात, अभिनंद यादव, गौरव यादव पुत्रगण अक्षय लाल यादव, आलोक यादव पुत्र अज्ञात निवासी रामपुर चीट थाना चितबड़ागांव बलिया, राजू यादव पुत्र श्रीराम यादव रतनपुरा थाना हलधरपुर जनपद मऊ व 5 से 7 अज्ञात लोगों को लाठी डंडा, हॉकी इत्यादि से लेस देखकर कोई भी बीच बचाव करने नहीं आया।

## जिले के जर्जर स्कूल भवनों में न चलें कक्षाएं, तत्काल कराएं ध्वस्त: बीएसए

**केटी न्यूज/बलिया**

बीएसए मनीष कुमार सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी हाल में जर्जर विद्यालय भवनों में कक्षाएं नहीं चलनी चाहिए। विद्यालय परिसर साफ-सुथरे होने चाहिए। कहीं भी घास, झाड़ियां हो तो उसे तत्काल साफ करा दें। बीएसए ने शुक्रवार की शाम अपने कार्यालय परिसर में स्थित सभाकक्ष में खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ पहली बार बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां भी जर्जर विद्यालय भवन हो, उनका मूल्यांकन कराकर तत्काल ध्वस्त कराया जाए। इस बात का विशेष ध्यान रहे कि कोई भी बच्चा जर्जर भवनों के आसपास न जाए। उन्होंने बरसात के मौसम को देखते हुए विद्यालयों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा। झाड़ियों आदि को तुरंत कटवाने के निर्देश दिए। कहा कि उनमें सर्प आदि छिप सकते हैं।



निपुण भारत मिशन की चर्चा करते हुए बीएसए ने कहा कि निपुण लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में अवश्य ही प्राप्त करना है। विद्यालयों में शिक्षक संदर्शिका, शिक्षक डायरी, शिक्षण योजना, प्रिंट-रिच मैटेरियल, टीचर लर्निंग मैटेरियल आदि का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विद्यालयों को 19 पैरामीटर पर संतृप्त कराने, प्रत्येक ब्लॉक से पांच सर्वश्रेष्ठ स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने के आदि के निर्देश दिए गए। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी डीपी सिंह, आरपी सिंह, पवन सिंह, रमेश श्रीवास्तव, मानवेंद्र पांडे, हिमांशु मिश्र, रत्नशंकर पांडेय, मनोज सिंह, लोकेश मिश्र, पंकज मिश्र के अलावा जिला समन्वयक सत्येंद्र राय, ओपी सिंह, सौरभ गुप्त आदि थे।

**बीएसए ने प्राइमरी स्कूल का किया निरीक्षण** : बीएसए मनीष कुमार सिंह शनिवार को हनुमानगंज ब्लाक के प्राइमरी स्कूल (देवकली) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक-छात्र उपस्थिति पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

## बंदियों को तकनीक रूप से मजबूत करना है शासन का उद्देश्य

# गाजीपुर जिला कारागार के बंदी ले रहे कंप्यूटर का ज्ञान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला कारागार गाजीपुर में इन दिनों बंदियों को कंप्यूटर का ज्ञान देकर उन्हें शिक्षित तथा तकनीकी रूप से मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। कहा जाता है कि अपराध से घृणा करो, अपराधी से नहीं..। इस मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए जेल में बंद बंदियों को कम्प्यूटर का तकनीकी प्रशिक्षण आज से दिया जाएगा। इसके लिए जेल परिसर में प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ शनिवार को किया गया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित गाजीपुर की संस्था हाईटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एवं ई-टेक्नालॉजी



द्वारा आईटी व आईटीईएस सेक्टर में जिला कारागार में प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ प्रभारी जेल अधीक्षक व जेलर राकेश कुमार वर्मा एवं एमआईएस प्रबंधक विकास यादव तथा कारागार प्रशासन के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में संस्था द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण लेने वाले 40 बंदियों को परिचय पत्र तथा पुस्तक वितरण किया गया।

प्रशिक्षण केन्द्र के शुभारम्भ के अवसर पर डिप्टी जेलर रविन्द्र सिंह यादव द्वारा बंदियों को कौशल विकास मिशन के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। हाईटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एवं ई-टेक्नालॉजी के निदेशक प्रकाश गुप्ता ने वर्तमान समय में कम्प्यूटर शिक्षा को आवश्यक बताते हुए कहा कि कंप्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से पूरी दुनिया की खबर व नवीनतम जानकारी पलक झपकते ही हमारे सामने पहुंच जाती है। इसके माध्यम से हम विश्व की ताजा तरीन जानकारियों से तत्काल रू-ब-रू हो जाते हैं। डिजिटल माध्यम में हम किसी भी ग्रंथ व पुस्तक का अध्ययन कंप्यूटर पर कर सकते हैं। इसके माध्यम से हम पैसों का लेन-देन भी आसानी से कर सकते हैं। कम्प्यूटर शिक्षा की आवश्यकता को समझते हुए प्रदेश सरकार ने जेल में भी इसके प्रशिक्षण देने की व्यवस्था सुनिश्चित की है। यहां से बाहर जाकर जहां आप इसका इस्तेमाल कर समाज का भला कर सकेंगे वहीं इसे रोजगार के रूप में अपनाकर अपना और अपने परिवार का जीविकोपार्जन भी कर सकेंगे। इस मौके पर जेलर राकेश कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर रविन्द्र सिंह यादव, कमलचन्द, श्रीमती सुखवती देवी, रविन्द्र सिंह, शिक्षाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अभय कुमार मौर्य, संस्था निदेशक प्रकाश गुप्ता के अलावा प्रशिक्षण के लिए चयनित बंदियों ने प्रतिभाग किया।

